Pustak Vimochan

उत्कृष्ट शिक्षा केन्द्र राजकीय महाविद्यालय संजौली में हिंदी विभाग में सहायक प्रोफेसर सत्यनारायण स्नेही द्वारा विरचित कविता संग्रह 'इंटरनेट पर मेरा गांव' का लोकार्पण आज साहित्यिक संस्था सर्जक और साहित्य परिषद राजकीय महाविद्यालय संजौली के बैनर तले उत्कृष्ट महाविद्यालय सँजोली के सम्मेलन कक्ष में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम किया गया। इसमें पूर्व अधिकारी और लेखक श्रीनिवास जोशी ,प्राचार्य सी बी मेहता ,रोशन जसवाल और डॉ देवेन्द्र गुप्ता विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की । प्रसिद्ध आलोचक डॉ विद्यानिधि छाबड़ा, डॉ देवकन्या ठाकुर ने स्नेही की कविता पर

सारगर्भित शोध पत्र पढ़े। जिसमे कवि स्नेही की रचना शीलता का विस्तृत विश्लेषण किया गया।जगदीश बाली,डॉ कामना नेगी, दिनेश शर्मा ने इस संग्रह पर वक्तव्य दिए। दूसरे सत्र में कविता पाठ हुआ जिसमें महाविद्यालय के 20 नवोदित छात्र कवियों ने काव्य पाठ किया और चर्चित कवियों में आत्मा रंजन ,अजेय ,मोहनसाहिल, ओम भारद्वाज ,रत्न चंद निर्झर, गुप्तेवश्वर उपाध्याय, संजय ठाकुर, सीताराम शर्मा ,सुरेंद्र शिव ,दीप्ति सारस्वत, वेदप्रकाश ,कल्पना गंगटा, सुरेश भारद्वाज और अजय शर्मा ने कविता पाठ किया।